PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
गुरुवार 08,जनवरी 2026




फ्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

# बांग्लादेश में नहीं थम रही चुनाव से पहले हिंसा

## बीएनपी नेता की गोली मार कर हत्या



डेली स्टार की रिपोर्ट में मानवाधिकार संगठन के हवाले से 2025 में राजनीतिक हिंसा की कम से कम 401 घटनाओं के दर्ज होने का दावा किया गया है। इनमें 102 लोग मारे गए और 4,744 लोग घायल हुए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार चुनाव की तारीख के एलान के बाद से राजनीतिक हिंसा में कम से कम छह लोग मारे गए हैं, जिनमें पिछले सात दिनों में तीन लोग शामिल हैं, और 250 अन्य घायल हुए हैं।बांग्लादेश में युवा नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद से ही चुनाव पूर्व राजनीतिक हिंसा जारी है। बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की स्वयंसेवी शाखा स्वेच्छासेवक दल के नेता अजीजुर रहमान मुसब्बीर की मंगलवार रात हत्या कर दी गई। पुलिस और पार्टी सूत्रों ने बताया कि राजधानी ढाका में अज्ञात हमलावरों ने मुसब्बीर की गोली मारकर हत्या कर दी।बांग्लादेश में आगामी 12 फरवरी को होने वाले

# मैरिनेरा टैंकर




### रूसी पोत झंडा-पेंट और नाम बदलकर अमेरिकी सेना को चकमा दे रहा था; लंबी जद्दोजहद के बाद हुआ जब्त

अमेरिकी प्रतिबंध से बचने के लिए टैंकर बेला 1 ने नाम बदलकर मारिनेरा किया, रूसी झंडा लगाया और कूटनीतिक अनुरोध किया। लेकिन लंबी पीछा के बाद अमेरिका ने इसे अटलांटिक में जब्त कर लिया।अमेरिका ने रूस के तेल टैंकर मारिनेरा को अटलांटिक महासागर में तब्त कराया, जो पहले बेला 1 नाम से जाना जाता था। यह टैंकर लंबे समय से अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने की कोशिश

# सभी वर्गों के मन की कहानियों के सशक्त चित्रकार

### नहीं रहें ज्ञानरंजन: सभी वर्गों के मन की कहानियों के सशक्त चित्रकार, समाजिक जीवन को सामने लाती है इनकी रचनाएं



हिंदी कहानी लेखन को एक नया गद्य दिया। उन्होंने मध्यवर्गीय पात्रों के जीवन के तमाम विरोधाभासों को अभिव्यक्त करने का भाषिक हुनर भी कथाकारों को दिया। उनकी बहुचर्चित कहानियां समकालीन सामाजिक जीवन की अनेकानेक विरूपताओं का खुलासा करती हैं। मध्यवर्ग की नई पीढ़ी की सोच को ज्ञानरंजन ने बखूबी पकड़ा और अपनी कहानियों में उसे ढाला भी। उनकी कहानी 'पिता' इस बात की पुष्टि करती है। वस्तुतः आर्थिक विडंबनाओं से घिरा मध्यवर्ग सामान्य जन से न जुड़कर जिन बुराइयों और भटकावों का शिकार

सातवें दशक के कथाकार ज्ञानरंजन ने 'पिता', 'अमरूद' जैसी कहानियों में मध्यवर्गीय जीवन की आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक जटिलताओं को जीवंत किया। उनकी कहानियां समाज के सभी वर्गों के मनोभावों की गहरी पड़ताल करती हैं और हिंदी कहानी को नया गद्य देती हैं।सातवें दशक के यशस्वी कथाकार ज्ञानरंजन ने 'घंटा', 'बहिर्गमन', 'अमरूद' और 'पिता' जैसी कहानियों के माध्यम से

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

### PM बोले- सिद्धांत से समझौता न करने वालों की याद में स्वाभिमान पर्व; साझा कीं तस्वीरें



प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण से जुड़े ऐतिहासिक क्षणों को याद करते हुए कहा कि 2026 में 1951 के भव्य उद्घाटन समारोह के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी स्मृति में आज से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया गया है।पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक क्षणों को याद किया। उन्होंने कहा कि 31 अक्तूबर 2001 को सोमनाथ में आयोजित कार्यक्रम में मैंने भाग लिया था, जब 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के उद्घाटन के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया गया था। प्रधानमंत्री ने बताया कि 1951 का वह ऐतिहासिक समारोह तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद

# फिरोजपुर जिला कोर्ट में बम है

### सूचना मिलते ही दौड़ी पुलिस, परिसर छावनी में बदला; मचा हड़कंप





बम की सूचना मिलते ही पुलिस ने पूरे परिसर को घेर लिया है। किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।

# पी: प्रदेश में गलन और ठिठुरन चरम पर



Weather in UP: यूपी में सर्दी अपने चरम पर है। बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में धूप नहीं खिली। मौसम विभाग ने कुछ जिलों के लिए विशेष चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश में ठंड और कोहरे का प्रकोप अपने चरम पर है। सर्द पछुआ हवाओं ने लोगों का जीवन मुश्किल कर दिया है। वहीं घने कोहरे ने भी सड़क और रेल यातायात को प्रभावित किया है। बुधवार को भी प्रदेश में पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में दोपहर तक धूप नहीं खिली और कोहरे का साया बना रहा। जहां धूप हुई भी, वहां गलन हावी रही।बुधवार को 5 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ अयोध्या और आजमगढ़ प्रदेश में सबसे ठंडे। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश के तराई व दक्षिणी यूपी के 24 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 32 जिलों में शीत दिवस की आशंका जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 9 से 11 जनवरी के बीच प्रदेश में ठंड और कोहरे से आंशिक राहत के संकेत हैं। यानी शुक्रवार से तीन दिनों तक दिन व रात के पारे में मामूली बढ़त आएगी। साथ ही कोहरे का घनत्व भी कम होगा। 12 जनवरी से दोबारा पारे में गिरावट के साथ मौसम

# कड़ाके की ठंड... डीएम का फिर आया ये आदेश,




यूपी में ठंड अपने चरम पर है। सर्द पछुआ हवाओं ने लोगों का जीवन मुश्किल कर दिया है। बुलंदशहर जिला शीतलहर से कांप गया है। यहां 8वीं तक के विद्यालयों ने छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। डीएम श्रुति के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बोर्ड के स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक अवकाश घोषित कर दिया है।बुलंदशहर जिले में कोहरे, पाले और शीतलहर ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा रखी है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भी एक-एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने घना कोहरा छाने की संभावना जताई है।ठंड को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से 8वीं तक के विद्यालयों में 10 जनवरी तक का अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं कक्षा नौ से 12वीं तक विद्यालय यथावत खुले रहेंगे।

# Aaj Ka Rashifal 08 January

## इन पांच राशि वालों को मिलेगा भाग्य का अच्छा साथ

08 January Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 08 जनवरी 2026 का राशिफल।आज 8 जनवरी गुरुवार का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर सिंह राशि में होगा। वहीं आज गुरु से चौथे भाव में चंद्रमा का गोचर होने के जा रहा है ऐसे में आज चंद्रमा और गुरु का शुभ योग बन रहा है जिससे गजकेसरी और अमला योग विशेष रूप से शामिल है।



### मेष

आज का दिन आपके लिए संघर्षों से भरा रहने वाला है। बिजनेस में कुछ तकनीकी समस्या के कारण आपके काम रुक सकते हैं, जिससे आपकी मुश्किलें बढ़ेंगी। आप यदि किसी यात्रा पर जा रहे थे, तो कुछ समय के लिए रुक जाएं, क्योंकि वहां भी आपको मुश्किलें अवश्य आएंगी। जीवनसाथी से यदि आप कोई वादा करें, तो उसे समय रहते पूरा करने की कोशिश करें, नहीं तो वह नाराज हो सकते हैं। आप उन्नति के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिसमें परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। भगवान के भक्ति में भी आपका खूब मन लगेगा। आप कहीं बाहर जाने की योजना बनाएंगे, लेकिन आपको अपनी किसी गलती को दोहराने से बचना होगा, नहीं तो कार्यक्षेत्र में बॉस से आपको खरी खोटी सुनने को मिल सकती है।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। बिजनेस में यदि कुछ समस्या आपको लंबे समय से परेशान कर रही थी, तो उसके लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा करना होगा। आप संतान को पढ़ाई लिखाई को लेकर एक नई राह दिखाएंगे, जिससे वह आगे कामों को भी आसानी से कर सकेगी। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो उसे भी आप वापस मांग सकते हैं। आपको अपने पिताजी से भी सोच समझकर बोलना होगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। आपको बड़ों के सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा, लेकिन कुछ विरोधी ऐसे होंगे, जो कि आपके काम बिगाड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। आपके सामने आज कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जिन्हें आपको सोच समझकर करना होगा, नहीं तो आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है।

### सिंह

आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा नहीं करना है। अपने यदि किसी काम को लेकर कोई जोखिम लिया था, इससे आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भाई-बहनों का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा और यदि कोई कहीं बाहर रहते हैं, तो भाई उसको सपोर्ट अवश्य करेंगे। आज आपको वाहनों का प्रयोग सावधान से करना होगा, क्योंकि आपको कोई चोट चपेट आदि लगने की संभावना है। कोई सरकारी मामला यदि पेंडिंग था, तो उसकी भी आपको सुध बुध लेनी होगी

### कन्या

आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने मनपसंद साथी से मिलने का मौका मिलेगा और सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे, लेकिन आपको कार्यक्षेत्र में कुछ नया करने का मौका मिलेगा, जो लोग अपने काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड है, तो वह लटकेंगे अवश्य, आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकते हैं। आपका अत्यधिक तले भुने भोजन से परहेज रखना होगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए छुटपुट लाभ की योजनाओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। नौकरी में किए गए प्रयास बेहतर होंगे। धार्मिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आप संतुलित भोजन का आनंद लेंगे। आपको किसी की से यदि कोई जरूरी जानकारी शेयर करने को मिले, तो आप उसे तुरंत आगे ना बढाएं। बिजनेस को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे और घर-परिवार में कुछ समस्याएं फिर से सिर उठाएंगी, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी काम को लेकर आप यदि जल्दबाजी करेंगे, तो उसमें भी कोई गड़बड़ी हो सकती है। आयात-निर्यात का व्यापार कर रहे लोगों को सावधान रहना होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप समय बिताएंगे, जिससे आपको अपने आपसी रिश्तों में चल रही समस्याओं को भी दूर करेंगे।

### धनु

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप बिजनेस में कुछ नये कामों को शामिल करेंगे। जिससे आपको कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी, लेकिन जीवनसाथी को आपकी कोई बात पसंद नहीं आयेगी, जिससे छोटी-मोटी नोंकझोंक हो सकती है। आपको उनकी भावनाओं का सम्मान करना होगा और राजनीति में आप थोड़ा सोच समझकर प्रवेश करें क्योंकि वहां आपको नॉलेज ना होने से लोग परेशान अवश्य करेंगे।

### मकर

आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि आपको कोई गले से संबंधित समस्या चल रही है, तो उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श ले और आपकी लापरवाही आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई -लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देना होगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको काम को लेकर जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी। आप अपने किसी सहयोगी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। आप अपने बिजनेस को लेकर किसी के साथ पार्टनरशिप कर सकते हैं। बिल्डिंग मटेरियल का काम कर रहे लोगों को थोड़े काम पर ध्यान देना होगा, क्योंकि उनके साथ कोई फ्रॉड हो सकता है, जो लोग ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं, उनको आज कोई अच्छी डील फाइनल होगी। आपको पारिवारिक मामलों में आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है और आपको किसी नई प्रॉपर्टी की प्राप्ति होगी और आप किसी निवेश को करने की भी सोचेंगे, लेकिन आप उसमें कोई बड़ा जोखिम लेने से बचें। बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव आपको टेंशन दे रहे थे, तो वह भी दूर होंगे और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। धार्मिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपको कुछ अनुभवी व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा।

दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं।

# कोहरे में भीषण हादसा:

## बरेली में ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचला, दो लोगों की मौत... दो की हालत नाजुक






बरेली के रिठौरा में बृहस्पतिवार सुबह यू-टर्न ले रहे ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचल दिया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ई-रिक्शा सवार चारों लोग बोरिंग का काम करने जा रहे थे।बरेली में बृहस्पतिवार सुबह कोहरे के कारण रिठौरा में राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर ट्रक ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। पूरा ई-रिक्शा ट्रक के नीचे आने से कुचल गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दो घायल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है।जानकारी के मुताबिक नवाबगंज क्षेत्र के यासीननगर निवासी हाशिम अपना ई-रिक्शा लेकर भोजीपुरा क्षेत्र के गांव लाडपुर में काम करने जा रहे थे। ई-रिक्शा में रिछोला निवासी सलीम, नसरुद्दीन और रहीसद्दीन उर्फ मंझले भी सवार थे। ये सभी लोग बोरिंग का काम करते थे। राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक ट्रक चालक यू-टर्न ले रहा था। इसी बीच ट्रक ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को चपेट में ले लिया। बताया गया कि चालक ने ट्रक नहीं रोका, जिससे ई-रिक्शा ट्रक के नीचे आ गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। चीख-पुकार मचने पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही रिठौरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जेसीबी से ट्रक हटवाया।

# School Closed: कड़ाके की ठंड

## डीएम का फिर आया ये आदेश, यहां 8वीं तक के स्कूल इतने दिन रहेंगे बंद




यूपी में ठंड अपने चरम पर है। सर्द पछुआ हवाओं ने लोगों का जीवन मुश्किल कर दिया है। बुलंदशहर जिला शीतलहर से कांप गया है। यहां 8वीं तक के विद्यालयों ने छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। डीएम श्रुति के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बोर्ड के स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक अवकाश घोषित कर दिया है। बुलंदशहर जिले में कोहरे, पाले और शीतलहर ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा रखी है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भी एक-एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने घना कोहरा छाने की संभावना जताई है।ठंड को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से 8वीं तक के विद्यालयों में 10 जनवरी तक का अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं कक्षा नौ से 12वीं तक विद्यालय यथावत खुले रहेंगे।नया साल शुरू होते ही कोहरा व शीतलहर के बाद अब रात में पाला भी पड़ रहा है। वहीं, पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के चलते शीतलहर का प्रकोप भी बढ़ गया है। ऐसे में लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। बुधवार को पूरे दिन हल्के कोहरे की सफेद चादर छाई रही।दिनभर सूरज के दर्शन नहीं हुए। पूरे दिन लोग बाहर अलाव व कार्यालयों और घरों में रूम हीटर के सहारे ठंड और गलन से राहत तलाशते रहे। सुबह के समय बच्चे शीतलहर का सामना करते हुए स्कूल पहुंचे। शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया।ऐसे मौसम के बीच बुधवार को अधिकतम तापमान एक डिग्री कम होकर 14 और न्यूनतम भी एक डिग्री कम होकर सात डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवाएं चार से पांच किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। आद्रता 79 फीसदी रही। जबकि मंगलवार को तापमान 15 और न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।ऐसे मौसम को देखते हुए डीएम श्रुति के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय ने समस्त बोर्ड के स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक 10 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि इस आदेश का पालन नहीं करने वाले शिक्षण संस्थान पर विभागीय कार्रवाई होगी। कक्षा नौ से 12वीं तक विद्यालय यथावत खुले रहेंगे और पूर्व निर्धारित समस्त कार्य संपादित किए जाएंगे।कृषि विज्ञान केंद्र की अध्यक्ष व मौसम वैज्ञानिक डॉ. रेशु सिंह का कहना है कि अभी कोहरा छाने की संभावना बरकरार है। शीतलहर व पाले के बीच कड़ाके की ठंड से जल्द निजात नहीं मिलने वाली है। तापमान में और गिरावट की संभावना बन रही है। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 14.1 व न्यूनतम 6.3 डिग्री पर पहुंचने की संभावना है।लगातार बदल रहे मौसम के बीच जिले के प्रदूषण स्तर में भी उठापटक जारी है। बुधवार को बुलंदशहर का एक्यूआई 216 रहा तो खुर्जा का एक्यूआई कम होकर 155 पर पहुंच गया है।

## जन्मदिन पर मेकर्स ने 'टॉक्सिक' से रिलीज किया यश का लुक



कन्नड़ स्टार यश की 'टॉक्सिक' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब यश के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फैंस को एक बड़ा तोहफा दिया है। देखिए कैसा है 'टॉक्सिक ' में यश का लुकयश आज अपना 40वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर 'टॉक्सिक' के मेकर्स ने यश के फैंस को एक तोहफा दिया है। फिल्म से अब तक पांच अभिनेत्रियों का लुक जारी करने के बाद, अब मेकर्स ने यश के किरदार की झलक दिखाई है। आज यश के जन्मदिन के मौके पर यश के किरदार का एक टीजर और लुक जारी किया है। इसमें यश के किरदार का नाम भी सामने आ गया है। इसे देखने के बाद अब फैंस फिल्म के लिए और भी उत्साहित हो गए हैं। मेकर्स ने 2 मिनट 51 सेकंड का एक लंबा वीडियो जारी किया है। वीडियो की शुरुआत में दिखाया जाता है कि कब्रिस्तान में किसी को दफनाया जा रहा है। वहां मौजूद सभी लोगों के हाथों में हथियार और बंदूके हैं। साथ ही एक फ्लैशबैक स्टोरी भी चल

## बुधवार को 'धुरंधर' की कमाई में गिरावट



रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' के सामने इस वक्त कोई भी नई फिल्म टिक नहीं पा रही है। जानिए, 34 दिन बाद इस फिल्म का कलेक्शन क्या है? वहीं 'इक्कीस' का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल है? साथ ही बाकी फिल्मों ने बुधवार को कितनी कमाई की है? 'धुरंधर' की आंधी के बीच फिल्म 'इक्कीस' अपने किस्मत आजमाने सात दिन पहले सिनेमाघरों में आई। लेकिन फिल्म का कलेक्शन सात दिन में ही कम हो गया है। जानिए, इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर मौजूद फिल्मों ने बुधवार को कितना कमाया है।सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'इक्कीस' ने सातवें 1.15 करोड़ रुपये कमाए हैं। जबकि छठे दिन 1.50 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 24.25 करोड़ रुपये हो चुका है। इस फिल्म का कलेक्शन सात दिन में आकर ही काफी कम हो चुका है। फिल्म में लीड रोल में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा हैं। अभिनेता धर्मेंद्र की भी आखिरी फिल्म है।

## अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' की रिलीज डेट आई सामने



अक्षय कुमार की अदाकारी वाली फिल्म 'भूत बंगला' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। आइए जानते हैं मेकर्स ने यह फैसला क्यों लिया है। अक्षय कुमार अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का टीजर जारी किया है। अब उनकी एक और अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने इसकी रिलीज की नई तारीख का ऐलान किया है।अक्षय कुमार की आने वाली हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' की नई रिलीज डेट आ गई है। यह फिल्म अब 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर इसका एक पोस्टर जारी किया है। इसमें अक्षय कुमार लालटेन लेकर एक टीले पर बैठे हैं। पोस्टर पर लिखा है 15-05-2026। इसके कैप्शन में लिखा है 'बंगले से एक खबर आई है। दरवाजे 15 मई 2026 को खुलेंगे। सिनेमाघरों में मिलते हैं। निर्माताओं ने पहले इसकी रिलीज डेट 2 अप्रैल, 2026 बताई थी। हालांकि अब यह कन्फर्म हो गया है कि फिल्म एक महीने बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि 'धुरंधर 2' की वजह से मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। 'धुरंधर 2' इसी साल 19 मार्च को रिलीज होगी।अक्षय और तब्बू होंगे एक साथअक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। इसमें अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 25 साल बाद अक्षय और तब्बू 'भूत बंगला' में फिर से साथ आ रहे हैं।

## मुंबई पुलिस को सोनू निगम का सलाम



फिल्म 'बॉर्डर 2' इस महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बीते दिनों इस फिल्म का गाना 'घर कब आओगे' जारी किया गया, जो काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज से पहले हाल ही में सिंगर सोनू निगम ने यह गाना मुंबई पुलिस के लिए मुंबई में आयोजित एक इवेंट में गुनगुनाया। इस इवेंट का आयोजन पुलिसकर्मियों के सम्मान में किया गया था।घर और परिवार से दूर रहकर लोगों की सेवा, देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में मुंबई में आज बुधवार को एक इवेंट का आयोजित किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों के सम्मान में कई भावुक संगीत प्रस्तुतियां दी

## करियर दौर को याद करके भावुक हुईं हेमा मालिनी



हेमा मालिनी ने बताया है कि दिल्ली और चेन्नई जैसे शहरों से आकर उन्हें मुंबई में रहने में किस तरह की दिक्कतें हुईं। तब धर्मेंद्र ने उनका साथ दिया था। दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद से हेमा मालिनी सुर्खियों में हैं। उन्होंने कई मौकों पर धर्मेंद्र के साथ अपने रिश्ते को याद किया है। अब उन्होंने अपनी जिंदगी के उतार चढ़ाव के बारे में कई बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि चेन्नई और दिल्ली जैसे शहरों से आने के बाद उन्हें मुंबई में क्या दिक्कते हुईं। उन्होंने क्योंकि वह दक्षिण भारत में अपने परिवार के साथ एक बड़े घर में रहती थीं। जिंदगी पर लिखी गई किताब 'हेमा मालिनी: बियॉन्ड द ड्रीम गर्ल' के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया 'हर रात मुझे लगता था कि कोई मेरा गला घोंटने की कोशिश कर रहा है। मुझे सांस लेने में दिक्कत होती थी। मैं अपनी मां के साथ सोती थी। उन्होंने देखा कि मैं कितना बेचैन थी। अगर ऐसा सिर्फ एक या दो बार होता, तो मैं इसे नजरअंदाज कर देती लेकिन ऐसा हर रात होता था।'

## बॉयफ्रेंड के साथ नजर आईं कृति 11 जनवरी को शादी कर सकते हैं नूपुर-स्टेबिन



कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन जल्द शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। नूपुर सिंगर बॉयफ्रेंड स्टेबिन बेन के साथ उदयपुर में शादी रचाएंगी। मेहमानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो रहा है। कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ झीलों के शहर पहुंच चुकी हैं। नूपुर और मशहूर सिंगर स्टेबिन बेन की रॉयल वेडिंग 11 जनवरी को उदयपुर के फेयरमोंट पैलेस होटल में होगी। कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन अपने बॉयफ्रेंड स्टेबिन बेन के साथ शादी रचाने वाली हैं। नूपुर और स्टेबिन की रॉय शादी उदयपुर में कथित तौर पर 11 जनवरी को होने वाली है। परिवार के सदस्यों और मेहमानों का उदयपुर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। आज बुधवार को कृति सेनन को मुंबई के एक प्राइवेट एयरपोर्ट पर बॉयफ्रेंड के साथ स्पॉट किया गया। अब वे उदयपुर पहुंच चुकी हैं, जहां नूपुर की शादी का क्रार्यक्रम आयोजित होने वाला है। इस दौरान पूरा सेनन परिवार साथ नजर आया। 9 जनवरी से शुरू होंगी शादी की रस्मेंनूपुर और मशहूर सिंगर स्टेबिन बेन की रॉयल वेडिंग 11 जनवरी को उदयपुर के फेयरमोंट पैलेस होटल में होगी। शादी को लेकर कपल और उनके परिजन शाम करीब 6 बजे चार्टर फ्लाइट से डबोक एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। नूपुर और स्टेबिन की शादी के कार्यक्रम 9 जनवरी से शुरू होंगे। यह जोड़ी 11 जनवरी को सात फेरे लेगी। शादी पूरी तरह रॉयल अंदाज में होगी। बॉयफ्रेंड के साथ उदयपुर के लिए रवाना कृति सेनन भी अपनी बहन की शादी और शादी से पूर्व के कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए उदयपुर पहुंच चुकी हैं। उन्हें एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां कृति के बॉयफ्रेंड भी नजर आए। नूपुर सेनन जल्द दुल्हन बनने वाली हैं। आज बुधवार को उन्हें परिवार के साथ मुंबई के कलिना एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान नूपुर, उनके होने वाले दूल्हे स्टेबिन बेन और पूरी फैमिली नजर आई। नूपुर की बहन और एक्ट्रेस कृति सेनन को भी देखा गया। साथ ही कृति के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया भी स्पॉट हुए। कृति डैनिम जींस और ब्लैक ब्लेजर में स्टाइलिश लुक में नजर आईं।

## Bonus Market Update: लाल निशान पर खुला शेयर बाजार

# सेंसेक्स 70 अंक टूटा, निफ्टी 26200 के नीचे



मुंबई। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 70 अंकों की गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 फिसलकर 26,200 के स्तर से नीचे आ गया। शुरुआती सत्र में बैंकिंग, आईटी और मेटल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिला, जिससे बाजार की धारणा कमजोर रही। वहीं कुछ चुनिंदा हैवीवेट शेयरों में सीमित खरीदारी के बावजूद बाजार को सहारा नहीं मिल पाया। एशियाई बाजारों से मिले-जुले संकेत और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता का असर घरेलू बाजार पर भी दिखाई दिया। बाजार जानकारों के मुताबिक निवेशक फिलहाल वैश्विक आर्थिक संकेतों, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। आने वाले सत्रों में बाजार की दिशा प्रमुख वैश्विक घटनाक्रम और घरेलू आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी।

## Business: आठ प्रमुख शहरों में मकानों की बिक्री घटी

# टाटा पावर 6,675 करोड़ का निवेश करेगी




देश के रियल एस्टेट सेक्टर में सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार देश के आठ प्रमुख शहरों में मकानों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। बढ़ती ब्याज दरें, महंगाई और निवेशकों की सतर्कता के चलते आवासीय मांग पर असर पड़ा है। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी सीजन और ब्याज दरों में संभावित स्थिरता से आगे चलकर बाजार में सुधार देखने को मिल सकता है। वहीं ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी एक बड़ी खबर में टाटा पावर ने 6,675 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। कंपनी यह निवेश बिजली उत्पादन, वितरण और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में करेगी। इस कदम से कंपनी की ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी यह निवेश बिजली उत्पादन, वितरण और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में करेगी। इस कदम से कंपनी की ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। विश्लेषकों के मुताबिक रियल एस्टेट में जहां फिलहाल दबाव बना हुआ है, वहीं पावर और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में बढ़े निवेश से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## सरकार ने एयरलाइंस से पूछा दिसंबर में कितना किराया वसूला

# इंडिगो फ्लाइट्स रद्द, यात्रियों पर महंगा पड़ा सफर




दिसंबर महीने में बड़ी संख्या में फ्लाइट्स के रद्द होने के बाद यात्रियों से वसूले गए अधिक किराये को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी एयरलाइंस से दिसंबर में वसूले गए किराये का ब्योरा मांगा है। खासतौर पर इंडिगो की करीब 4,500 उड़ानों के कैंसिल होने के बाद यात्रियों को वैकल्पिक टिकट के लिए कई गुना ज्यादा किराया चुकाना पड़ा था। सूत्रों के अनुसार, बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने से टिकट की उपलब्धता कम हो गई थी, जिससे किरायों में अचानक तेज बढ़ोतरी देखने को मिली। यात्रियों ने शिकायत की थी कि उन्हें मजबूरी में महंगे दाम पर टिकट खरीदने पड़े। इसी को लेकर सरकार यह जांच कर रही है कि क्या एयरलाइंस ने तय सीमा और नियमों का पालन किया या नहीं।नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कहना है कि यात्रियों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर जांच में अनियमितता पाई गई तो संबंधित एयरलाइंस के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं एयरलाइंस की ओर से कहा गया है कि उड़ानें के रद्द होने के पीछे तकनीकी और परिचालन कारण थे और किराया मांग–आपूर्ति के आधार पर तय हुआ।

# Gold Silver Price

## चांदी का ऐतिहासिक रिकॉर्ड, कीमत 2.56 लाख रुपये प्रति किलो के पार




सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों ने नया इतिहास रच दिया है। चांदी पहली बार 2.56 लाख रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई है। मजबूत वैश्विक मांग, औद्योगिक उपयोग में तेजी और सुरक्षित निवेश विकल्प के तौर पर बढ़ते रुझान के चलते चांदी की कीमतों में लगातार उछाल देखा जा रहा है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की मजबूती, डॉलर में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितता का सीधा असर घरेलू कीमतों पर पड़ा है। निवेशकों का झुकाव भी सोने के साथ-साथ चांदी की ओर बढ़ा है, जिससे कीमतों को और सहारा मिला। वहीं सोने की कीमतों में सीमित उतार-चढ़ाव देखने को मिला। घरेलू बाजार में सोना ऊंचे स्तर पर स्थिर बना हुआ है। वैश्विक संकेतों और ब्याज दरों को लेकर निवेशकों की सतर्कता के कारण सोने में फिलहाल बड़ी तेजी नहीं दिखी, लेकिन कीमतें मजबूत बनी हुई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार के संकेत, डॉलर की चाल और केंद्रीय बैंकों की नीतियां सोने-चांदी की कीमतों की दिशा तय करेंगी।

## वित्त मंत्रालय ने ₹17 लाख करोड़ से अधिक की 852 पीपीपी

# परियोजनाओं का रोडमैप जारी किया, जानिए मकसद




वित्त मंत्रालय ने ₹17 लाख करोड़ से अधिक की 852 PPP परियोजनाओं का रोडमैप जारी किया है। वित्त वर्ष 2026 से शुरू होने वाली इस योजना में सड़क मंत्रालय और आंध्र प्रदेश की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। देश में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने और निजी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक बड़ी घोषणा की है। मंत्रालय ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत कार्यान्वित की जाने वाली 852 परियोजनाओं की तीन साल की पाइपलाइन का खाका पेश किया है। इनकी कुल अनुमानित लागत 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह कदम केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं के अनुरूप उठाया गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (DEA) की ओर से तैयार की गई यह योजना वित्त वर्ष 2026 से शुरू होगी। मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इन परियोजनाओं में केंद्र सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकारों दोनों की हिस्सेदारी है। कुल राशि में से केंद्रीय अवसंरचना मंत्रालय 13.15 लाख करोड़ रुपये के व्यय वाली 232 पीपीपी परियोजनाओं का नेतृत्व करेंगे। वहीं, 20 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश मिलकर 3.84 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली 620 परियोजनाओं का कार्यान्वयन करेंगे। सड़क और ऊर्जा क्षेत्र पर सबसे बड़ा दांव केंद्रीय मंत्रालयों के पोर्टफोलियो पर नजर डालें तो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का दबदबा कायम है।

## भारत की GDP ग्रोथ 7.4% रहने का अनुमान

# वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पहले एडवांस एस्टीमेट जारी




भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत रफ्तार से आगे बढ़ने की उम्मीद है। सरकार द्वारा जारी पहले एडवांस एस्टीमेट के अनुसार देश की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में आई तेजी ने आर्थिक विकास को मजबूती प्रदान की है। रिपोर्ट के मुताबिक औद्योगिक गतिविधियों में सुधार, निवेश में बढ़ोतरी और घरेलू मांग के मजबूत बने रहने से अर्थव्यवस्था को सहारा मिला है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उत्पादन बढ़ने, नई इकाइयों की स्थापना और सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं के सकारात्मक असर से विकास दर में सुधार देखने को मिला है। वहीं सर्विस सेक्टर में आईटी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, पर्यटन और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार बुनियादी ढांचे पर बढ़ते खर्च, सड़क, रेल और ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश से रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र के निवेश में सुधार और निर्यात गतिविधियों में स्थिरता ने आर्थिक वृद्धि को संतुलन प्रदान किया है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि मजबूत घरेलू खपत, शहरी और ग्रामीण मांग में सुधार तथा नीतिगत समर्थन आने वाले समय में भी विकास दर को गति देगा। हालांकि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई जैसे जोखिमों पर नजर बनाए रखने की जरूरत बताई गई है। सरकार ने भरोसा जताया है कि संरचनात्मक सुधारों, डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार और मेक इन इंडिया जैसी पहलों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था आगे भी मजबूत बनी रहेगी और विकास की रफ्तार कायम रहेगी।

# AUS vs ENG: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को सिडनी में 5 विकेट से हराया, एशेज 4-1 से अपने नाम की



इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम ने जो रूट के 160 रन के दम पर 384 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड के 163 रन और कप्तान स्टीव स्मिथ के 138 रन की बदौलत 567 रन बनाए और 183 रन की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की दूसरी पारी 342 रन पर सिमट गई। जैकब बेथेल ने 154 रन बनाए। इस तरह इंग्लैंड को 159 रन की बढ़त हासिल हुई और ऑस्ट्रेलिया के सामन 160 रन का लक्ष्य था। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में खेले गए एशेज के पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हरा दिया। इंग्लिश टीम ने 160 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे कंगारुओं ने पांचवें दिन 31.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज 4-1 से अपने नाम की है। कंगारुओं ने पर्थ में पहला टेस्ट आठ विकेट से और गाबा में दूसरा टेस्ट भी आठ विकेट से जीता था। इसके बाद एडिलेड में तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 82 रन से जीत हासिल की थी और 3-0 की अजेय बढ़त बना ली थी। मेलबर्न में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड ने वापसी की और ऑस्ट्रेलिया के घर पर लगातार जीत के सिलसिले को तोड़ा। मेलबर्न में इंग्लैंड ने चार विकेट से जीत दर्ज की। अब पांचवां टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने वापस से जीतकर इंग्लैंड को सीरीज में धूल चटाई और अपना दबदबा दिखाया। हेड को प्लेयर ऑफ द मैच और स्टार्क को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम ने जो रूट के 160 रन के दम पर 384 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड के 163 रन और कप्तान स्टीव स्मिथ के 138 रन की बदौलत 567 रन बनाए और 183 रन की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की दूसरी पारी 342 रन पर सिमट गई। जैकब बेथेल ने 154 रन बनाए।

# टी20 विश्व कप से पहले तिलक वर्मा चोटिल!



तिलक वर्मा की पेट की चोट और संभावित सर्जरी ने भारत की टी20 विश्व कप तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वह न्यूजीलैंड टी20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं, जो विश्व कप से पहले भारत का अंतिम असाइनमेंट है। उनका फिट होना भारतीय टीम की रणनीति के लिए बेहद जरूरी माना जा रहा है। टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को पेट में चोट लगी है, जिसके कारण उन्हें सर्जरी की सलाह दी गई है। इससे वे न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली महत्वपूर्ण टी20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं, जो 2026 टी20 विश्व कप से पहले आखिरी तैयारी का मौका था। यह चोट भारत की वर्ल्ड कप तैयारियों के लिए चिंताजनक मानी जा रही है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, 23 वर्षीय तिलक वर्मा विजय हजारे ट्रॉफी में हैदराबाद की ओर से खेल रहे थे, जब नाश्ते के बाद अचानक उन्हें पेट में तेज दर्द हुआ। स्थिति गंभीर होती देख उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जांच में पता चला कि उन्हें एब्डॉमिनल चोट है और मेडिकल टीम ने सर्जरी की सलाह दी है।रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टर्स ने तिलक को तीन से चार हफ्ते आराम की सलाह दी है। इसका मतलब है कि वह 21 जनवरी से शुरू होने वाली भारत-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज से बाहर रह सकते हैं। यह सीरीज विश्व कप से पहले भारत का अंतिम असाइनमेंट है, इसलिए इस चोट का समय बेहद संवेदनशील है। तिलक वर्मा पिछले एक साल में टीम इंडिया के टी20 सेटअप में एक अहम चेहरा बन चुके हैं। उनकी उपस्थिति मध्यक्रम में स्थिरता और बाएं हाथ का विकल्प देती है, जो वर्ल्ड कप के लिए जरूरी माना जा रहा था। ऐसे में उनका बाहर होना चयन और बैलेंस दोनों पर असर डाल सकता है। टीम प्रबंधन न्यूजीलैंड सीरीज के लिए रिप्लेसमेंट की घोषणा कर सकता है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक शुबमन गिल के रिप्लेसमेंट के रूप में चुने जाने की संभावना कम मानी जा रही है, क्योंकि उन्हें पहले ही टी20 विश्व कप टीम से बाहर रखा गया है।

# न्यूजीलैंड सीरीज के लिए श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई ने फिट घोषित किया?

श्रेयस अय्यर को न्यूजीलैंड सीरीज के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने उन्हें फिटनेस क्लियरेंस दे दिया है। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू हो रही तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से मेडिकल क्लियरेंस मिलने के बाद अब वह आगामी वनडे सीरीज में खेलते नजर आएंगे। 31 वर्षीय अय्यर को फिटनेस शर्त के साथ भारतीय टीम में शामिल किया गया था। चयनकर्ता और मेडिकल टीम उनकी लंबे समय से चली आ रही चोट के बाद वापसी को लेकर सतर्क थे और घरेलू क्रिकेट में उनके प्रदर्शन व शरीर की प्रतिक्रिया पर करीबी नजर रखी जा रही थी। अय्यर ने विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलते हुए अपनी फिटनेस साबित की। हिमाचल प्रदेश के खिलाफ कप्तानी करते हुए उन्होंने नंबर चार पर बल्लेबाजी की और 53 गेंदों में शानदार 82 रन बनाए। इस पारी के दौरान या उसके बाद उन्हें किसी तरह की शारीरिक परेशानी नहीं हुई, जिससे उनकी मैच फिटनेस को लेकर सभी आशंकाएं दूर हो गईं।



# वैभव की कप्तानी में भारत ने किया 3-0 से क्लीन स्वीप

भारतीय अंडर-19 टीम ने बुधवार को आखिरी वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 233 रनों से हराकर 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय अंडर-19 टीम ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे और आखिरी यूथ वनडे में 233 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। बुधवार को बेनोनी में खेले गए आखिरी मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 393 रन बनाए। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी और आरोन जॉर्ज ने शानदार शतकीय पारियां खेलीं। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम 35 ओवर में 160 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए किशन सिंह ने तीन और मोहम्मद एनान ने दो विकेट लिए जबकि हेनिल पटेल, कनिष्क चौहान, उधव मोहन और आरएस अंबरीश और वैभव सूर्यवंशी ने एक-एक सफलता अपने नाम की। अंडर-19 विश्व कप से पहले भारतीय टीम शानदार फॉर्म में नजर आ रही है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप इस बात का सबूत है। अंडर-19 विश्व कप का आयोजन 15 जनवरी से छह फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा। 16 टीमों का चार ग्रुप में बांटा गया है। पांच बार की अंडर-19 विश्व कप विजेता भारतीय टीम को ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, अमेरिका और बांग्लादेश के साथ शामिल किया गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 15 जनवरी से अमेरिका के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद टीम का सामना 17 जनवरी को बांग्लादेश और 24 जनवरी को न्यूजीलैंड से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हरारे में खेला जाएगा।




# WTC Points Table: ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में जीत से शीर्ष पर दावा किया मजबूत; इंग्लैंड की स्थिति भारत से भी खराब

सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड पर जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने WTC 2025-27 में नंबर एक स्थान और मजबूत कर लिया है। इंग्लैंड की स्थिति भारत से नीचे पहुंच गई है, जबकि भारत फिलहाल छठे नंबर पर है। आने वाले महीनों में दोनों टीमों के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस और चुनौतीपूर्ण हो जाएगी। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025-27 के पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर सिडनी में मिली जीत के बाद शीर्ष पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। दूसरी ओर इंग्लैंड की स्थिति भारत से भी खराब है, जबकि भारत फिलहाल छठे स्थान पर है। सिडनी में खेले गए एशेज के पांचवें और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर सीरीज 4-1 से अपने नाम की। इंग्लैंड ने 160 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे मेजबान टीम ने पांचवें दिन मात्र 31.2 ओवर में हासिल कर लिया। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहली पारी में जो रूट (160) की बदौलत 384 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (138) के शतकों से 567 रन ठोककर 183 रन की बढ़त ले ली। दूसरी पारी में जैकब बेथेल (154) के शतक के बावजूद इंग्लैंड 342 पर ढेर हो गया और ऑस्ट्रेलिया को 160 का लक्ष्य मिला था। सिडनी जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी के 2025-27 चक्र में आठ में से सात मैच जीतकर 87.50% अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर कब्जा मजबूत किया है। उनकी सीरीज फॉर्म भी बेहद प्रभावी रही है, जिसने डब्ल्यूटीसी फाइनल रेस में उन्हें आगे कर दिया है। टीम को एकमात्र हार इंग्लैंड से एशेज सीरीज के दौरान मेलबर्न में मिली थी। इंग्लैंड इस समय मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में 10 मैचों में तीन जीत और छह हार के साथ 31.67% अंक प्रतिशत पर है और सातवें स्थान पर है, यानी भारत से भी नीचे। इंग्लैंड की हालिया सीरीज फॉर्म में चार हार साफ दिखाती है कि टीम को टेस्ट प्रारूप में अभी बहुत सुधार की जरूरत है।




BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
इस 2025 शुरू करे अपनी Fintech Company और बनाएँ
अपना खुद का Multi Recharge Software
ADMIN PANEL
API PANEL
आपका भरोसा, हमारी पहचान PlanetC Technology सदा आपके साथ
Software / Api Panel / All other Validation
B2B B2C Software | AEPS DMT Software | White Lebal Software | HRMS Software | Multi Recharge Software
| CRM Software | School Software | News Software | Inventory Software | Ecommerce Software
Rs.60,000
मात्र
Rs. 50,000
Account Opening
DMT (MoneyTransfer)
DTH Recharge
AEPS
CMS Service
Fastag Recharge
Insurance
Utility Bills
Postpaid Recharge
PlanetC Technology की विश्वसनीय वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाएं
और अपने जीवन को बेहद सरल बनाएं।
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300
Follow us on:/


PLANET NEWS
WE ARE HIRING!
We are looking for
Graphic Designer & Video Editor
News Anchor
News Reporter
APPLY NOW
Mail your resume to info@planetnewsindia.com
+91-7088120300
www.planetnewsindia.com


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612